- ❖ अगर प्लेट पर लेलियोटिया, बैसिलस और क्लेबसिएला के साथ एंटरोबैक्टर और सेरेटिया के साथ सेरेटिया के दोहरे और तीन प्रतियों के संरोपण द्वारा संगगता परीक्षण किया गया था। पृथक बैक्टीरिया के संगगता परीक्षण से पता चला कि कोई भी आइसोलेट्स एक दूसरे को बाधित नहीं करता है।

ii. **<u>परियोजना का नाम :</u>** दार्जिलिंग और असम चाय के विकास और उत्पादकता में सुधार के लिए माइक्रोबियल इनोकुलेंट्स का विकास (राष्ट्रीय हिमालयी अध्ययन मिशन (एनएमएचएस), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित)

- ❖ दार्जिलिंग पहाड़ियों के सभी चाय उगाने वाले क्षेत्रों को कवर करने के लिए विशिष्ट चाय बागानों का चयन किया गया था। प्रत्येक बागान से सैंपलिंग स्थान के निकट की राइजोस्फेरिक, गैर-राइजोस्फेरिक मृदा और पत्ती के नमूने के कम से कम दो नमूने एकत्र किए गए थे।

- ❖ दार्जिलिंग के विभिन्न चाय बागानों से एकत्रित मृदा के नमूनों को राइजोस्फेरिक और गैर-राइजोस्फेरिक मिट्टी में रोगाणुओं के लिए 10^{-7} तक क्रमिक रूप से तनुकरण करके पृथक किया गया था। कुल **66** रोगाणुओं को राइजोस्फेरिक नमूनों से पृथक किया गया है और पृथक रोगाणुओं की शुद्ध कल्चर को आगे की पहचान और बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए **4** डिग्री सेल्सियस पर संग्रहीत किया गया था। माइक्रोस्कोप के तहत ग्राम स्टेनिंग विधियों द्वारा प्रत्येक सूक्ष्म जीव का आकृतिक अध्ययन प्रगति पर है। स्टार्च हाइड्रोलिसिस, कैसिइन हाइड्रोलिसिस फॉस्फेट घुलनशीलता आदि के साथ पृथक रोगाणुओं का शारीरिक विश्लेषण प्रगति पर है।

- **16S rRNA** जीन एम्पलीकॉन्स के वी**4** रीज़न की अनुक्रमण (सीक्वेंसिंग) पूरी कर ली गई है और **NCCS** पुणे में **ITS** रीजन सीक्वेंसिंग चल रही है। चाय राइजोस्फीयर और गैर-राइजोस्फीयर मृदा के **16S rRNA** जीन एम्प्लिकॉन अनुक्रमण का जैव इन्फॉर्मैटिक्स विश्लेषण चल रहा है।

ग.2.3 <u>मृदा विश्लेषणात्मक सेवाएं</u>:

- अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक, दार्जिलिंग के विभिन्न बागानों से प्राप्त मृदा के कुल 408 नमूने और पत्ती के 04 नमूनों का परीक्षण किया गया और विश्लेषणात्मक रिपोर्ट संबंधित बागान को खनिज कमियों को सुधारने, मिट्टी के पीएच को ठीक करने और प्रत्येक बागानों के पृथक-पृथक उर्वरक -कार्यक्रम तैयार करने हेतु सिफारिशों के साथ भेजा गया है।

डी. <u>आईएचबीटी पालमपुर (हिमाचल प्रदेश)</u>

i. **<u>परियोजना का नाम:</u> -** चाय पत्ती की तुड़ाई (हार्वेस्टिंग) एवं चाय कृषि कार्यों के मशीनीकरण के लिए मशीनों का विकास (पूरा कर लिया गया है)। मुख्य प्रगति इस प्रकार है:

- वन मैन प्लकिंग मशीन (मॉडल ASPEE TLPH25), टू मेन प्लकिंग मशीन (मॉडल OCHIAIV8 वर्ल्ड 1210), हैंड शीयर/बड़ी कैची (ब्लेड की लंबाई 27 सेमी, चौड़ाई 3.4 सेमी, हैंडल 34.5 सेमी, वजन 1.46 किलोग्राम, वॉल्यूम 0.05 घन मीटर के संग्रहण थैली के साथ), हैंड प्लकिंग (मैनुअल स्टैंडर्ड प्लकिंग) का प्रयोग चाय पत्ती की तुड़ाई(हार्वेस्टिंग) के लिए इस्तेमाल किया गया। सभी यांत्रिक प्लकिंग विधियों के परिणामस्वरूप प्लकिंग अंतराल को 6-7 दिनों (हैंड प्लकिंग) से 10-12 दिनों तक बढ़ा दिया गया, फलस्वरूप पूरे सीजन और संकट- काल दिनों की आवश्यकता के दौरान कुल प्लकिंग की संख्या कम हो गई। प्रून किया हुआ एवं प्रून नहीं किया हुआ चाय बागानों में वन मैन प्लकिंग मशीन के साथ कुल मिलाकर संकट-काल की आवश्यकता एक-छठे से एक-आठवें तक और टू मैन प्लकिंग मशीन के साथ एक-नौवें से एक-ग्यारहवें तक कम हो जाती है। यहां तक कि शियर प्लकिंग ने भी श्रम की आवश्यकता को घटाकर आधा कर दिया है।
- परिणामों से पता चला कि हाथ से प्लाक(तोड़ने) करने की तुलना में यांत्रिक तरीकों से जैसे कि शियर(कतरनी), वन मैन प्लकिंग मशीन और वन मैन प्लकिंग मशीन से तोड़ी(प्लक) की गई चाय की झाड़ियों में शक्तिहीनता था । इसी तरह की प्रवृत्ति स्टोमेटल कंडक्टेंस (जीएस) के मामले में भी देखी गई, जहां मैनुअल प्लकिंग की तुलना में सभी यांत्रिक तरीकों में कमी का एक सामान्य प्रवृत्ति (चाय की झाड़ियों के स्टोमेटल कंडक्टेंस में) था।

- यह देखा गया है कि छिड़काव के यांत्रिक तरीके छिड़काव के मैनुअल तरीके की तुलना में अधिक किफायती थे। छिड़काव की इकाई लागत बैटरी चालित स्प्रेयर के साथ सबसे कम थी और इसकी दक्षता मैनुअल स्प्रेयर की तुलना में लगभग दोगुनी थी। हालांकि, बागानी क्षेत्र के त्वरित कवरेज के लिए, पावर स्प्रेयर मैनुअल स्प्रेयर की तुलना में कम लागत के साथ 6 गुना दक्ष था।
- लीफ शॉर्टर मशीन , मशीन की सफलता को चाय के तीन ग्रेड (श्रेणी) के रूप में दिखाती है, जैसे कि कटे पत्ते (कट लीफ़), बारीक पत्ते / फ़ाइन लीफ (1-पत्ती और कली, और 2-पत्ती और कली) और खुरदरी(रफ) पत्तियां यानी दो से अधिक पत्ती और कली एवं परिणाम को सारणीबद्ध करते समय चाय के इन तीन ग्रेड पर विचार किया गया था । परिणामों से यह स्पष्ट है कि एक समान ग्रेड वाली हरी चाय की पत्तियों को डिवाइस द्वारा अलग किया गया है और एकरूपता प्रतिशत बहुत अधिक था, जिसे खाली आँखों से देखकर भी आंका जा सकता है। एक समान ग्रेड वाली चाय की हरी पत्तियां एक समान ग्रेड वाली चाय निर्मित कर सकती हैं।

- प्रौद्योगिकी निदर्शन और परीक्षण के लिए, चाय खेती के मशीनीकरण के विभिन्न पहलुओं पर कुल 20 निदर्शन कार्यक्रम किसानों के बागान के साथ-साथ संस्थान के चाय प्रायोगिक फार्म में आयोजित किए गए, जैसे कि मशीनीकृत चाय की प्लकिंग(तुड़ाई), स्किफिंग, प्रूनिंग(छंटाई), रिजुविनेशन प्रूनिंग , बरमा का उपयोग करके चाय रोपण, उच्च मात्रा वाली इलेक्ट्रिक स्प्रेयर, निराई आदि। । शियर प्लकिंग (बड़ी कैची द्वारा प्लकिंग) को मशीनीकरण का सबसे सरल रूप माना जाता था, जहां इस पद्धति से श्रम उत्पादकता दोगुनी (60 किग्रा) पाई गई थी। वन मैन प्लकिंग मशीन के मामले में, हाथ से प्लकिंग करने की तुलना में प्लकिंग दक्षता 8 गुना थी। यह एक दिन में 300-400 किलो ताजी चाय की पत्तियां प्लक कर सकता था। इसने ढलान वाले इलाके के लिए आशा दिखायी , जहां बड़ी मशीन के संचालन में कठिनाई होती थी। टू मेन प्लकिंग मशीन के लिए, हाथ से तोड़ने की तुलना में 15 गुना दक्षता थी, एक दिन में 600-1000 किलोग्राम ताजी चाय की पत्तियों को प्लक किया जा सकता है ।

ii. **<u>परियोजना का नाम</u>***:* उत्पादकता, गुणवत्ता और तनाव सहिष्णुता के लिए प्रजनन के पारंपरिक और गैर-पारंपरिक तरीकों के एकीकरण के माध्यम से नए क्लोन का विकास (परियोजना पूरा हो गया है)

- संकरण कार्य के लिए नई लाये गए किस्मों के साथ प्रजनन प्लॉट की नींव रखना - उपज, गुणवत्ता और ब्लिस्टर में सुधार के उद्देश्यों के साथ, चीन हाइब्रिड चाय जीनोटाइप के सुधार के लिए चल रहे अंतर-वैविध्य (इंटर वैरिएटल) संकरण कार्यक्रम के तहत छह संकरण संयोजनों को शामिल करते हुए जनक प्रकार के सात (एसए -6 X उपासी-9, उपासी-9 X

एसईएफ-02, एसए -6 X एवी -2, उपासी-9 X कांगड़ा आशा , उपासी-9 X बीएस-49, उपासी-9 x बीएस-68) संयोजनों के बीच संकरण किए गए थे। ,

- चाय प्रायोगिक प्लॉट में बाइक्लोनल बीज स्टॉक विकसित करने के लिए क्लोनल संगतता पर अध्ययन किए गए और इस तरह नियंत्रित संकरण के माध्यम से बाइक्लोनल बीज स्टॉक का विकास सुनिश्चित किया गया।

- संगत क्लोनल संयोजनों के बीच नियंत्रित संकरण किया गया; एफ़1 संतति को विकसित किया गया और विभिन्न एफ़1 संतति को बागान की परिस्थितियों (रोपण के तीसरे वर्ष) के तहत रोपित किया गया, वर्तमान में पौधे की ऊंचाई (m), शाखाओं की संख्या , शाखाओं की लंबाई (मिमी), पत्ती की लंबाई (सेमी), पत्ती की चौड़ाई (सेमी), इंटरनोड की लंबाई (सेमी) एवं पौधे का फैलाव (मीटर में व्यास), उनकी प्रारंभिक वृद्धि और ताक़त के संबंध में आकृतिक आधार पर लक्षण का निर्धारण किया जा रहा है। । संभावित एफ़1 संततियों को भी नर्सरी परिस्थितियों में अच्छे जनक के रूप में उनके कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए प्रजनन के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

- चयनित क्लोनों की कुछ मदर बुश हैं - (ए) **03-6, (**बी) **03-55, (**सी) **03-70** और (डी) **03-104**। चार चयनित क्लोनों में से **03-6** को पौधे की ऊंचाई के लिए बेहतर पाया गया (**1.72** मीटर) और इसमें कुल पॉलीफेनोल तत्व **14.65%** है । जबकि**,** क्लोन **03-55** में **13.01%** की कुल पॉलीफेनोल तत्व देखी गई और इसे टहनी की लंबाई (**155** सेमी) और पौधे के प्रसारण व्यास (**2.35** मीटर) के लिए बेहतर पाया गया। हालांकि**,** क्लोन **03-70** को टहनी की लंबाई (**159** सेमी) के लिए बेहतर पाया गया और इसमें कुल पॉलीफेनोल तत्व **15.53%** है । क्लोन **03-104** को टहनियों की संख्या के लिए बेहतर पाया गया और इसमें कुल पॉलीफेनॉल तत्व **11.68%** है। इसके अलावा इन सभी चयनित क्लोनों ने ब्लिस्टर ब्लाइट के खिलाफ प्रतिरोध दिखाया। क्लोन **03-70** ने अन्य रोग प्रतिरोधी क्लोनों की तुलना में कुल पॉलीफेनोल तत्व और टहनी की लंबाई के संबंध में उच्च मात्रा का प्रदर्शन किया**,** जिन्हें संभावित नए क्लोन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

- **पर्पल चाय के जीनोटाइप का चयन -** पर्पल चाय के कलमों को बगानी परिस्थितियों में लगाया गया था। पांच जीनोटाइप (पीटी-**5,** पीटी-**7,** पीटी-**9,** पीटी-**12** और पीटी-**17)** के **14** पौधे क्रमशः **2-2** पंक्तियों में उगाए गए थे। चयनित पर्पल चाय के जीनोटाइप में**,** पीटी -**7** ने अप्रैल के दौरान **1.98%** और मई के दौरान **2.00%** की उच्च एंथोसायनिन तत्व दिखाई और पीटी -**8** ने अप्रैल और मई के महीने में क्रमशः **2.38%** और **2.36%** की एंथोसायनिन तत्व दिखाई। जबकि**,** पीटी-**8** ने भी अप्रैल (17.55) के दौरान टीपीसी की उच्च मात्रा प्रदर्शित की। इसलिए**,** अन्य पर्पल चाय क्लोन की तुलना में अधिकतम कुल फेनोलिक तत्व और

उच्च एंथोसायनिन तत्व वाले पीटी -**8** को संभावित नए पर्पल चाय के क्लोन के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

घ. **विश्व-भारती विश्वविद्यालय , शांतिनिकेतन , पश्चिम बंगाल।**

<u>परियोजना का नाम</u>: फॉस्फेट में घुलनशील राइजोबैक्टीरिया का उपयोग करके चाय के कवक रोगों के खिलाफ जैव-कीटनाशक का विकास (परियोजना सम्पूर्ण कर ली गयी है)

- चाय रोगजनकों (पैथोजेन्स) , पेस्टलोशिया और फुसैरियम के खिलाफ चयनित बायोकंट्रोल स्ट्रेन (जो दो अलग-अलग स्रोतों से चुने गए थे : चाय राइजोस्फीयर और लाइकोपोडियमराइजोस्फीयर) की क्षमता का परीक्षण किया गया है।

- दो बर्कहोल्डरिया प्रजातियाँ, जैसे कि बी. ट्रोपिका और बी. अनमे, जिसे लाइकोपोडियमराइज़ोस्फीयर से पृथक किया गया है तथा एक क्लोनल चाय कल्टीभार से पृथक किए गए एक रॉड के आकार का ग्राम नेगेटिव आइसोलेट ने जबरदस्त काइटिनेस उत्पादन क्षमता दिखाई है। वे विभिन्न प्रकार के चिटिन सबस्ट्रेट्स (झींगा, कीट पंख, कोलाइडल चिटिन, और पेस्टलोटिया सहित फंगल मायसेलिया से प्राप्त चिटिन) का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हैं और या तो किटोसन या साधारण शर्करा का उत्पादन करते हैं। बायोकंट्रोल स्ट्रेन से प्राप्त काइटिनेस को आंशिक रूप से सेल मुक्त सतह पर तैरनेवाला अर्थात सुपर्नाटेंट लेकर , 80 प्रतिशत अमोनियम सल्फेट कट , डायलिसिस , इसके बाद जेल वैद्युतकणसंचलन (एलेक्ट्रोफोरेसिस) द्वारा परिष्कृत किया गया था। काइटिनेस ने किटिन सबस्ट्रेट्स का उपचार किया जो मुख्य रूप से किटोसन यौगिकों से युक्त था, प्रयोगात्मक डायकोट प्लॉट में कई रक्षा गतिविधियों को प्रवित्त करता है। जिन गतिविधियों को प्रवित्त किया गया था , उनमें फेनिल एलानिन अमोनिया लाइसेज, काइटिनेस, बीटा ग्लूकेनेस और पेरोक्सीडेज हैं।

- एक ही बायोकंट्रोल ओर्गनिज़्म का उपयोग करके उम्र बढ़ने तथा जीर्णता को प्रवित्त करने वाली एथिलीन उत्पादन को रोकने के लिए क्षमता की जाँच की गई । दूसरे वर्ष के दौरान यह केवल गुणात्मक तरीके से केवल एक बायोकंट्रोल स्ट्रेन मे दर्ज की गई थी। इसके बाद स्ट्रेनों की एसीसी डेमिनमिनस उत्पादन क्षमता के बारे में विस्तार से जांच की गई हुई और इसकी मात्रा निर्धारित की गई। यह ज्ञात है कि 1-एमिनोसाइक्लोप्रोपेन-1-कार्बोक्जिलिक एसिड (एसीसी) को आम तौर पर एसीसी ऑक्सीडेज द्वारा एथिलीन में परिवर्तित किया जाता है, लेकिन कुछ कुशल पीजीपीआर स्ट्रेन इसे अल्फाकेटो ब्यूटायरेट और अमोनिया में परिवर्तित कर सकते हैं और इस प्रकार अवांछित एथिलीन सृजन को रोकते हैं और इस प्रकार जल्दी उम्र बढ़ने और बुढ़ापा को रोकते हैं। तीनों स्ट्रेन इस एंजाइम का बहुत कुशलता से उत्पादन करते हैं , जो चाय के पौधों में भी काम करता है।

- साइडेरोफोर उत्पादन और इसकी मात्रा का निर्धारण विभिन्न टीवी क्लोनों से अलग किए गए सभी स्ट्रेनों में उनके राइजो- और फाइलो-स्फीयर के साथ-साथ लाइकोपोडियमराइजोस्फीयर से अलग किए गए उपभेदों से किया गया था। चाय रोगजनकों(पैथोजेन) के खिलाफ स्ट्रेन द्वारा पैराललिएंटीपैथोजेनिक अध्ययन भी संचालित किया गया है। इन विट्रो (कृत्रिम परिवेशीय) अध्ययनों में साइडेरोफोर उत्पादन और एंटी पेस्टलोशिया गतिविधि के बीच एक शानदार सकारात्मक सहसंबंध देखा गया है।

- विश्वविद्यालय के ग्रीन हाउस में कुछ नवोदित चाय पौधों का रखरखाव किया जा रहा है। गमले मे लगाए गए इन चाय पौधे के राइजोस्फीयर में उनकी उत्तरजीविता के लिए बायोकंट्रोल स्ट्रेन का परीक्षण किया गया। एक नियमित अंतराल में उनके कई एंटीबायोटिक प्रतिरोध के साथ स्ट्रेनों के पुन: पृथककरण की जाँच की गई है। यह परिणाम एक वर्ष की अवधि में जैव नियंत्रण स्ट्रेनों की बहुत अच्छी उत्तरजीविता का संकेत देते हैं।

- सभी प्रयोगों का अंतिम लक्ष्य एक प्रभावी जैव-औषधि तैयार करना है , जो कवक चाय रोगजनकों (फंगल टी पैथोजेन) को मारने के लिए उपयुक्त है, मूल लाभकारी मृदा माइक्रोफ्लोरा को नहीं मारेगा और बागान के फसल में कुछ मान वर्धन कर सकता है। इस कारण से ट्राइकोडर्मा को चाय बागान की मृदा से अलग किया गया था, और आइसोलेट्स की क्षमता की भी जाँच की गई थी कि क्या उनके पास लाभकारी मृदा माइक्रोफ्लोरा के साथ संभावित प्रतिरोध है या नहीं। प्रायोगिक परिणामों ने संकेत दिया कि उनका सक्षम (वाणिज्यिक और प्रायोगिक दोनों आइसोलेट्स) ट्राइकोडर्मा एसपी के साथ कोई प्रतिरोध नहीं है। दोनों बायोकंट्रोल स्ट्रेनों और ट्राइकोडर्मा प्रजातियों ने संयोजन में काम किया। वे नाइट्रोजन स्थिरीकरण को संचालित करने वाली सायनोबैटेरिया को भी नहीं मारते हैं। ये सभी निष्कर्ष चाय की फसल के अनुप्रयोग में ओर्गनिज़्म की उपयुक्तता को बहुत प्रभावी होने का संकेत देते हैं।

- होस्ट प्रतिरक्षा जीन की एक्स्प्रेशन का अध्ययन करके फसलीय पौधों में प्रतिरक्षा को प्रेरित करने के लिए बायोकंट्रोल स्टेनों की क्षमता की भी जाँच की गई। एक टीवी क्लोन से पृथक किए गए चने के एक ग्राम ऋणात्मक आइसोलेट द्वारा चाय के पौधों की जड़ प्रणाली में कालोनी प्रजनन करने के साथ-साथ चने के पौधे (एक गैर-चाय वार्षिक फसल) पर कालोनी प्रजनन करने की क्षमता का परीक्षण फ्लोरोसेंस डाई और जीएफपी बाइंडिंग अध्ययन के माध्यम से किया गया था , जो चाय के पौधे की जड़ प्रणाली में कालोनी प्रजनन करने की क्षमता की पुष्टि करता है। ।

- कल्चर के इनोकुला को लंबे समय तक परिरक्षण और आसान अनुप्रयोग के लिए कैल्शियम एल्गिनेट में इनकैप्सुलेट किया जा सकता है। सभी चार स्ट्रेनों को विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला में अच्छी तरह से रखा गया है और अनुरक्षित किया जा रहा है। संभावित

इनोकुला में अपार क्षमताएँ हैं और इसका उपयोग चाय की फसल में परीक्षण, अनुवर्ती प्रमाणन तथा वाणिज्यिक अनुप्रयोग आदि के लिए किए जाने की उम्मीद है।

ड़. टी बोर्ड अंचल कार्यालय , पालमपुर

- लघु चाय उत्पादक के बगानों में अनुकूलन के माध्यम से प्रौद्योगिकी निदर्शन एवं अंतरण के उद्देश्यों से हिमाचल प्रदेश के चाय बागानों में बागान प्रबंधन के लिए उपलब्ध अनुसंधान एवं विकास प्रौद्योगिकियों के तुलनात्मक मूल्यांकन और व्यवहार्यता पर एक परियोजना संचालित की गयी । हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक चाय बगानों में उनके कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए अन्य चाय उगाने वाले राज्यों जैसे दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल से नर्सरी से लाए गए नए रोपण सामग्री के साथ बागान निदर्शनों का प्रायोगिक बंदोबस्त किया गया था।

- मापित छटाई (लोप्पिंग) एवं अतिरिक्त शेड थिनिंग द्वारा छाया के नियमन के लिए हीव टी प्रूनर, प्रूनिंग, स्किफिंग, लेन कटिंग और टेलीस्कोपिक ट्री प्रूनर मशीन के उपयोग के माध्यम से जीर्ण-शीर्ण चाय प्रौद्योगिकियों के पुनरुद्धार के लिए निदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

- विधि प्रदर्शनी कार्यक्रम के माध्यम से पिटिंग , फिलिंग , रोपण एवं फ्रेम निर्माण चरणों द्वारा नवांकुर चाय प्लॉट प्रतिष्ठापन और प्रबंधन के लिए पहल की गई थी ।

- एवी-**2,** टीनाली**,** आरआर-144**,** टीवी-1**,** टीवी-9**,** एस3ए3**,** पीबी-312**,** सीपी-1 जैसी किस्मों की आपूर्ति लघु चाय उत्पादकों को छोटे खंड में रोपण **,** एक - दूसरे तथा मानक कांगड़ा जाट के तुलना में और उनके विकास आवर्तन (रिदम)**,** फ्लशिंग और ब्रांचिंग पैटर्न का अध्ययन करने के लिए की गई थी।

- ऊपर दी गई किस्मों की मदर बुश का विकास किया जा रहा है।

- प्रोजेक्ट-पालमपुर फंडिंग ने बहु-फसली व प्रजातियों के परिस्थितियों में बाग -फसलों के सहयोग से**,** वेरीएटल लक्षण के साथ-साथ मृदा -जल संरक्षण और समग्र बागान प्रबंधन प्रथाओं के संबंध में ज्ञान के अधिक प्रसार को संभव बनाया है। अपनाए गए बागान और पहले से विकसित ब्लॉक **,** निदर्शन इकाइयों के रूप में काम कर रहे हैं।

- एसटीडब्ल्यू, विश्वविद्यालय और केवीके के सहयोग से किसानों के स्तर पर किस्मों को अपनाने और प्रौद्योगिकी में सुधार और कार्यान्वयन के प्रयास किए जा रहे हैं।

विनियामक मुद्दे - नियामक अनुसंधान गतिविधियों के क्षेत्रों में, टी बोर्ड , व्यापार के लिए तकनीकी बाधाओं (टीबीटी), गैर-टैरिफ बाधाओं (एनटीबी) जैसे मुद्दो को देखता है एवं चाय अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई) से कीटनाशक अवशेषों और एमआरएल आदि से संबंधित तकनीकी जानकारी प्राप्त करता है और विभिन्न सरकारी विभागों/नियामक निकायों (सीआईबी और आरसी, एफएसएसएआई, बीआईएस आदि) को मानकों के विकास और समय-समय पर उनके संशोधन पर विचार करने और अपनाने के लिए प्रस्तुत करता है ।

बैठकें और कार्यशालाएं :

- पीपीसी पर गठित तकनीकी समूह की 13वीं बैठक 19 नवंबर , 2020 को विडियो कोंफेरेंस के माध्यम से आयोजित की गई थी। बैठक में कीटनाशक अवशेषों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

- चाय उद्योग के लिए पीपीसी संस्कारण - 12 (नवंबर 2020) जारी किया गया था।

- रिपोर्टाधीन अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से 24 नवंबर 2020 को विडियो कोंफेरेंस के माध्यम से 75वीं टीआरएलसी बैठक आयोजित की गई थी।

अनुसंधान निदेशालय के प्रतिनिधियों ने चाय अनुसंधान संस्थानों और सरकार द्वारा अनुमोदित नियामक निकाय (प्रबंधन परिषद, ट्रस्टी, वैज्ञानिक सलाहकार समिति आदि) द्वारा आयोजित विभिन्न आभासी बैठकों में भाग लिया है।

अध्याय-6
चाय संवर्धन

परिचय :

टी बोर्ड के प्राथमिक कार्यों में से एक कार्य भारत को वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता युक्त चाय के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से संवर्धनात्मक क्रियाकलाप करना है। लक्ष्यित बाज़ारों में भारतीय चाय की बढ़ती बाज़ार की हिस्सेदारी तथा बढ़ती घरेलू खपत बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार एवं वर्गों की भारतीय चाय के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में संवर्धनात्मक प्रयास किए जा रहें हैं। चुनिन्दा देशों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां बड़े पैमाने पर निर्यात की वृद्धि की संभावना है। निर्यात को बढ़ावा देने तथा विदेशी बाज़ारों में भारतीय चाय की क़िस्मों के विपणन के लिए भारतीय निर्यातकों को हर संभव सहायता उपलब्ध करायी जा रही है ।

टी बोर्ड संवर्धन निदेशालय का एक कार्य जेनेरिक संवर्धनात्मक क्रियाकलापों को करना है जो ब्राण्ड इक्विटि तथा अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में भारतीय चाय की मांग और घरेलू बाज़ार में चाय की खपत को बढ़ाने पर लक्ष्यित है। विश्व के कुल चाय निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 11% है तथा केन्या, चीन और श्रीलंका के बाद भारत चौथे स्थान पर है। चीन के बाद भारत विश्व में काली चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता है। विगत एक दशक के दौरान भारत से लगभग 200-250 मिलियन किलोग्राम चाय का निर्यात हुआ है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कुल 203.79 मिलियन किलोग्राम चाय का निर्यात दर्ज किया गया ।

2020-21 के दौरान चाय निर्यात का अवलोकन :

2020-21 के दौरान भारत से कुल 203.79 मिलियन किलोग्राम चाय का निर्यात हुआ जिससे 5311.53 करोड़ रु० प्राप्त हुए । विगत वर्ष 2019-20 के दौरान 241.34 मिलियन किलोग्राम चाय का निर्यात हुआ था और उससे 5457.10 करोड़ रु० का व्यापार हुआ था ।

तुलनात्मक स्थिति संक्षेप में नीचे सारणी में प्रस्तुत है :

2020-21					2019-20				
मात्रा मि.कि. ग्रा. में	कीमत करोड़ रु० में	कीमत $ में	इकाई दर रु०/प्रति कि.ग्रा.	इकाई दर ($/कि. ग्रा)	मात्रा मि.कि. ग्रा. में	कीमत करोड़ रु० में	कीमत $ में	इकाई दर रु०/प्रति कि.ग्रा.	इकाई दर ($/कि. ग्रा)
203.79	5311.53	716.86	260.64	3.52	241.34	5457.10	768.93	226.11	3.19

प्रमुख गंतव्यवार निर्यात परिदृश्य अनुलग्नक -1 में प्रस्तुत है।

2020-21 के दौरान संवर्धनात्मक क्रियाकलापों का अवलोकन

2020-21 के दौरान पूरे विश्व में कोरोना महामारी के फैलने तथा उसके बाद विश्वभर में लॉक डाउन के प्रतिबंधों के कारण धरातल स्तर पर संवर्धनात्मक क्रियाकलापों को कर पाने की स्थिति नहीं थी । तथापि, टी बोर्ड ने वर्चुअल बी2B बैठकों तथा मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका आदि प्रमुख महत्वपूर्ण निर्यात देशों के दूतावासों /मिशन/ वाणिज्य दूतावासों के सहयोग से क्रेता- विक्रेता बैठकें आयोजित करके विभिन्न संवर्धनात्मक क्रियाकलाप किए । टी बोर्ड ने चाय व्यापार के साथ संपर्क कार्य भी बनाए रखा, व्यापार संबंधी पूछताछ में भाग लिया, प्रमुख बाज़ारों के लिए गुणवत्ता और सुरक्षा विनियमन संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की । बोर्ड ने रूस, कज़खस्तान, ईरान, मिस्र, अमेरिका, जर्मनी, जापान, सऊदी अरब

आदि प्रमुख बाज़ारों में भारतीय चाय की मांग बढ़ाने तथा बाज़ार की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए मॉस्को स्थित विदेश कार्यालय तथा टी बोर्ड मुख्यालय के माध्यम से चाय व्यापारियों को निर्यात संबंधी नई जानकारियों एवं बाज़ार तथा व्यापार सूचनाओं से अवगत कराया । अन्य क्रियाकलापों में इंडिया टी की छवि को बरकरार रखने के लिए विभिन्न प्रचारात्मक कार्य तथा टी बोर्ड भारत के प्रति एक सकारात्मक रूप में लोगों का विचार बदलने वाले कार्य शामिल थे । विभिन्न प्रकार की भारतीय चाय के बारे में सोशल मीडिया, जैसे- ट्विटर,फेस्बुक के माध्यम से चलाए गए अभियान भी जागरूकता बढ़ाने में काफी असरदार साबित हुए हैं ।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है :

मई 2020

अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के उपलक्ष्य में प्रचार अभियान :

अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस- टी बोर्ड के सोशल मीडिया मंच पर - फेस्बुक, ट्विटर तथा इंस्टाग्राम के माध्यम से 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस बड़े धूम-धाम से मनाया गया । पूरे विश्व में कोरोना महामारी के मद्दे नज़र राष्ट्रव्यापी लॉक डाउन के कारण धरातल स्तर पर संवर्धनात्मक क्रियाकलाप नहीं किए जा सके। इसलिए डिजिटल मंच के माध्यम से इस विशेष दिन के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया । अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के उपलक्ष्य में 'India Tea & Me' शीर्षक से फेस्बुक में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो बहुत लोकप्रिय सिद्ध हुआ । प्रतिभागियों ने 'India Tea' के अपने विशेष क्षणों को दर्शाते हुए एक हज़ार से भी अधिक तस्वीरें, वीडियो, उपहार आदि सोशल मीडिया पर पोस्ट किए ।

असम जहां भारत का कुल 50% चाय उत्पादन होता है, में अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस और उसके महत्व के बारे में बड़ी संख्या में एसएमएस के माध्यम से लाभदायक संदेश हितधारकों को भेजे गए।

दक्षिण भारत में 21 मई 2020 को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाने के लिए तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में स्थानीय समाचार पत्रों में इस्तेहार डिज़ाइन किए गए और प्रकाशित किए गए । स्थानीय रेडियो स्टेशनों पर चाय का प्रचार कार्यक्रम और उससे जुड़ी पहेलियों पर आयोजित कार्यक्रम प्रसारित किए गए । तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में आम लोगों तक पहुँचने के लिए स्थानीय मातृ भाषाओं में बड़ी संख्या में एसएमएस भेजे गए ।

जून 2020

विशेष संस्करण - ई- नीलामी

21 मई अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर दो उत्तम पत्तियाँ और एक कली को चुनने और प्रसंस्कृत करने के एक प्रतिकात्मक पहल के रूप में पूरे भारत से लगभग 300 चाय बागानों ने भाग लिया । उनके बागान प्रबंधन और कर्मचारियों /कामगारों ने कुछ खास चाय के निर्माण में अथक मेहनत की ।

ये सीमित संस्करण के चाय बहुत ही कुशलतापूर्वक और अति दक्ष हाथों से तैयार किए गए थे जो विभिन्न प्रकार की भारतीय चाय के गुण, स्वाद और महक को दर्शाते थे।

ये चाय अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस विशेष संस्करण- ई- नीलामी पर 22 जून, 2020 को पेश किए गए थे । यह विशेष नीलामी पूरे देश में सभी छः (6) पंजीकृत नीलामी केन्द्रों यथा- कोलकाता, गुवाहाटी, सिलीगुड़ी, कोचिन, कूनूर और कोयम्बटूर में आयोजित किया गया था और यह अखिल भारतीय नीलामी नियमों द्वारा शासित था । इस पहल को सोशल मीडिया मंच के माध्यम से

प्रचारित किया गया तथा इस नीलामी में सर्वोच्च कीमत हासिल करने वाले शीर्ष के 10 चाय बागानों के नाम भी सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किए गए ।

जुलाई 2020

कोरोना महामारी के फैलने तथा उसके बाद विश्वभर में लॉक डाउन के प्रतिबंधों के कारण धरातल स्तर पर संवर्धनात्मक क्रियाकलाप नहीं किया जा सके । इसके अलावा वर्क फ्रोम होम के कारण अब आम आदमी सोशल मीडिया मंच पर पहले से अधिक सक्रिय देखे जा रहें हैं क्योंकि सामाजिक दूरी के वर्तमान परिदृश्य में अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचने का यह एक मुख्य साधन बन गया है। इसलिए डिजिटल मंच के माध्यम से भारतीय चाय के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया । अन्य लाभकारी सामग्रियों जैसे- अदरक, इलायची, केसर, हल्दी, दालचीनी, शहद, नींबू आदि के साथ भारतीय चाय बनाने की रचनात्मक विधियां फेस्बुक और ट्विटर हैंडल्स पर सांझा किए गए । हमारे अनुयायिओं को 'Did You Know' शीर्षक से एक विशेष खंड द्वारा रोचक इंटरैक्टिव सामग्री के माध्यम से विभिन्न प्रकार के चाय के बारे में जागरूक भी किया गया । अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर आयोजित ई-नीलामी में सर्वोच्च कीमत हासिल करने वाले शीर्ष के चाय बागानों के वीडियो फ़ेसबुक पृष्ठ पर साझा किए गए जहां 2,25,000 से भी अधिक दर्शक समूह है।

अगस्त 2020

भारतीय चाय निर्यातकों का मिस्र के आयातकों और अन्य हितधारकों के साथ वर्चुअल बी2बी बैठक:

24 अगस्त, 2020 को भारत के दूतावास, काहिरा और टी बोर्ड भारत द्वारा संयुक्त रूप से एक वर्चुअल बी2बी बैठक का आयोजन किया गया था ।

इस बी2बी बैठक के आयोजन करने के पीछे मुख्य उद्देश्य मिस्र में भारतीय चाय निर्यातकों के लिए नेटवर्किंग अवसर विकसित करना तथा आवश्यक व्यवसायिक बढ़त पैदा करना था ।

आदरणीय श्री राहुल कुलश्रेष्ठ, मिस्र में भारत के राजदूत, भारत दूतावास, काहिरा ने मिस्र में भारतीय चाय निर्यात को सुगम बनाने के लिए आवश्यक नेतृत्व का परिचय दिया । अनेक विशिष्ट वक्ताओं ने इस वर्चुअल बी2बी बैठक में भाग लिया जिनमें आदरणीय श्री राहुल कुलश्रेष्ठ, मिस्र में भारत के राजदूत, भारत दूतावास, काहिरा, श्री पी.के.साहू, उपाध्यक्ष टी बोर्ड भारत, श्री एहमद यूसिफ़ मंसौर, उप-सभापति, सामान्य आपूर्ति वस्तु प्राधिकरण, काहिरा, डॉ.ईहाबमोराद, कार्यकारी निदेशक, राष्ट्रीय खाद्द सुरक्षा प्राधिकरण, काहिरा, श्री समेह ज़ाकी, उप- अध्यक्ष, काहिरा चेम्बर ऑफ कॉमर्स, श्री कबीर खालीद, केंद्रीय क्रेता प्रबन्धक, लूलू ग्रुप, काहिरा, श्री मुहम्मद हीज़ा, प्रबन्धक निदेशक, मिस्र विजन, काहिरा, श्री विवेक गोएंका, अध्यक्ष, भारतीय चाय संघ, श्री प्रशांत भंसाली, उप-सभापति, उपासी, श्री दीपक शाह, अध्यक्ष, दक्षिण भारत चाय निर्यातक संघ और अन्य विशिष्ट मेहमान तथा मिस्र के आयातक एवं भारत के चाय निर्यातक शामिल थे । इस वर्चुअल बी2बी बैठक में लगभग 60 प्रतिनिधि मंडलों ने भाग लिया था ।

टी बोर्ड उपाध्यक्ष श्री पी.के.साहू, ने कहा कि 2019 में भारत ने लगभग 1390 मिलियन किलोग्राम चाय का उत्पादन किया तथा 248 मिलियन किलोग्राम चाय का निर्यात किया था । भारत में विभिन्न प्रकार की चाय की खेती की जाती है, जैसे - दार्जिलिंग, असम, नीलगिरि, कांगड़ा, दोआर्स - तराई, सिक्किम, त्रिपुरा आदि । इसके अलावा भारत सभी प्रकार की चाय यथा - ब्लैक, ग्रीन, व्हाइट,येल्लो,ऊलोंग, आर्थोडॉक्स, सीटीसी आदि का भी विनिर्माण करता है। भारत विभिन्न फ़ारमैट्स में भी चाय की आपूर्ति करता है, जैसे - बल्क टी,

पैकेज्ड टी,टी बैग्स, स्पैशलिटी टी, इंस्टेंट टी, आरटीडी, प्रेमिक्सेस इत्यादि । मिस्र परंपरागत रूप से भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार रहा है।

समेह ज़ाकी, उपाध्यक्ष, काहिरा चेम्बर ऑफ कॉमर्स, ने आयातकों एवं निर्यातकों को एक साथ लाने के लिए इस कार्यक्रम की सराहना की ।

श्री मोहम्मद हीज़ा, प्रबन्धक निदेशक, मिस्र विजन, काहिरा ने कहा कि मिस्र अब भी एक विशुद्ध रूप से खुला चाय बाज़ार है जहां खुले चाय की कुल खपत 95% से अधिक है।

वर्चुअल बी2बी बैठक विचारों को साझा करने, मिस्र के बाज़ार की नब्ज़ समझने के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ । बैठक की चर्चा सफल रही ।

उत्तर प्रदेश पर केन्द्रित उत्तर-पूर्व के लिए वर्चुअल बी2बी बैठक :

उत्तर पूर्व से चाय की मांग को बढ़ावा देने के लिए टी बोर्ड ने 18 अगस्त 2020 को उत्तर प्रदेश पर केन्द्रित उत्तर-पूर्व के लिए वर्चुअल बी2बी बैठक का आयोजन किया । इस बैठक में उत्तर प्रदेश तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से आए थोक एवं फुटकर व्यापारी आकर्षित हुए क्योंकि वे उत्तर -पूर्व के विक्रेताओं से ठोस मुख्य व्यवसाय में संलग्न हो सकेंगे ।

असम सहित उत्तर - पूर्व राज्यों से चाय की मांग बढ़ाने का यह एक प्रयास था तथा उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, बिहार झारखंड जैसे प्रति व्यक्ति कम खपत वाले गैर चाय उत्पादक राज्यों में चाय के असली आस्वादन, सुगंध, महक एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों को उपलब्ध कराना था ।

अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए असम सरकार के आयुक्त एवं सचिव, डॉ. के.के. द्विवेदी ने उल्लेख किया कि असम सरकार ने चाय उद्योग पर हमेशा विशेष ध्यान दिया है । लॉकडाउन के दौरान यही वह उद्योग है जिसे सबसे पहले खोलने की अनुमति दी गई थी । उन्होनें कहा कि स्पैशलिटी टी आने वाले समय की मांग है। असम सरकार ग्रीन टी, ओर्गेनिक टी, व्हाइट टी, येल्लो टी आदि जैसी स्पैशलिटी टी की खेती करने वाले असम चाय रोपकों के लिए विशेष पैकेज लेकर आ रही है।

टी बोर्ड उपाध्यक्ष - श्री पी.के.साहू ने असम चाय को और लोकप्रिय बनाने पर विशेष बल दिया क्योंकि यह एक विश्व प्रसिद्ध चाय है। उन्होनें कहा कि यह कोई साधारण चाय नहीं है बल्कि हमारे जीवन के लिए एक स्वास्थ्यवर्धक पेय है। उन्होनें यह भी बताया कि उत्तर - पूर्व क्षेत्र भारतीय चाय उत्पादन का लगभग 53% चाय उत्पादन करता है और इसलिए व्यापक तरीके से उत्तर - पूर्व चाय के संवर्धन की जरूरत है।

टी बोर्ड भारत के उत्तर - पूर्व अंचल में कार्यकारी निदेशक, श्री संजीओ कुमार ने उल्लेख किया कि टी बोर्ड ने मार्च, 2020 के दौरान उड़ीसा में असम चाय के लिए एक गहन जागरूकता अभियान चलाया था । उन्होनें यह भी बताया कि टी बोर्ड के पास अन्य राज्यों, जैसे- उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के लिए भी ऐसी योजनाएँ हैं और इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएँ हैं जिनका अभी तक दोहन नहीं हुआ है। उन्होनें उत्तर प्रदेश से आए क्रेताओं को एक समूह बनाने का आह्वान किया तथा व्यावसायिक अवसरों -जिसमें टी बोर्ड सहयोग कर सकता है - का लाभ उठाने के लिए उत्तर-पूर्व का दौरा करने का आग्रह किया ।

प्रमुख निर्यातकों एवं संघों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इंटरैक्टिव बैठक :

" वर्तमान परिस्थिति में भारतीय चाय के निर्यात के लिए भावी रणनीति " (Way Forward for Indian Tea Exports in the Current Situation) विषय पर प्रमुख निर्यातकों एवं संघों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 10 अगस्त, 2020 को एक इंटरैक्टिव बैठक का आयोजन हुआ था । इस बैठक की अध्यक्षता श्री पी.के.साहू, उपाध्यक्ष टी बोर्ड ने की । इस बैठक में प्रमुख निर्यातकों के अलावा अन्य उपस्थित सदस्यों में श्री

विवेक गोएङ्का, अध्यक्ष आईटीए, श्री अंशुमान कनोरिया, अध्यक्ष भारतीय चाय निर्यातक संघ, श्री सी.श्रीधरन, अध्यक्ष, उपासी टी कमिटि, श्री प्रशांत भंशाली, उपाध्यक्ष उपासी, श्री दीपक शाह, अध्यक्ष दक्षिण भारत चाय निर्यातक संघ, श्री राज बंसल, भारतीय चाय संघ शामिल थे ।

सितंबर 2020

4 सितंबर, 2020 को उत्तर बंगाल के हितधारकों के साथ बैठक :

उत्तर बंगाल में चाय की निर्यात क्षमता का पता लगाने के उद्देश्य से उत्तर बंगाल चाय उद्योग के हितधारकों के साथ 4 अगस्त 2020 को एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी । इस बैठक के परिपृष्ठ में श्री पी.के.साहू, उपाध्यक्ष टी बोर्ड ने कहा कि 30 नवम्बर 2019 को हुई बोर्ड की 241वीं बैठक के दौरान माननीय बोर्ड सदस्य श्री बिपान सिंगल ने डूयर्स-तेराई क्षेत्र से चाय निर्यात को कैसे बढ़ाया जाए इस पर विचार करने के लिए उत्तर बंगाल चाय उद्योग के हितधारकों के लाभार्थ एक सेमिनार आयोजित करने का आग्रह किया था ।

उपरोक्त एजेंडा के बारे में उपाध्यक्ष ने कहा कि गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण मापदंड है। अर्थात् चाय ''निर्यात योग्य गुणवत्ता '' के मानकों के अनुकूल होनी चाहिए । यह सुनिश्चित करना अति महत्वपूर्ण है कि निर्यात की जाने वाली चाय उम्दा हो ।

बैठक में बोलते हुए श्री बिपान सिंगल ने कहा कि निर्यात आवश्यकताओं के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने के लिए सिलीगुड़ी, डूयर्स, तराई, दार्जिलिंग में आयात-निर्यात सेमीनारों का आयोजन किया जाना चाहिए । उन्होनें आगे यह भी कहा कि उत्तर बंगाल को चाय व्यवसाय में प्रमुखता मिलनी चाहिए।

बोर्ड सदस्य ने कहा कि लोग डूयर्स और तराई चाय के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं और इसलिए डूयर्स और तराई चाय के लिए विशेष प्रचारात्मक पहल करने की जरूरत है। सिलीगुड़ी में प्रत्यक्ष निर्यात आधारभूत संरचना का निर्माण किया जाना चाहिए तथा निर्यातकों को माल भाड़ा में सब्सिडि दी जानी चाहिए । माननीय बोर्ड सदस्य ने एक्सपोर्ट क्लस्टर्स बनाने की भी बात कही ।

भारतीय चाय संघ के सचिव, श्री सुजीत पात्रा ने कहा कि भावी क्रेताओं के लिए निर्यात सहायता बढ़ाए जाने की जरूरत है। उत्पादककर्ताओं को संभावित बाज़ारों तक ले जाया जाना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय क्रेताओं को यहाँ बुलाना चाहिए तथा उन्हें यहाँ की चाय दिखायी जानी चाहिए। 'ब्राण्ड बेंगल' के तहत चाय का व्यापार करने की जरूरत है।

बैठक का दूसरा अर्धसत्र दार्जिलिंग को समर्पित था । श्री अंशुमान कनोरिया, अध्यक्ष- भारतीय चाय निर्यात संघ ने कहा कि निर्यात बाज़ार के अलावा घरेलू बाज़ार को भी विकसित करने की जरूरत है। घरेलू बाज़ार के लिए और अधिक विपणन की आवश्यकता है। जेनेरिक प्रचारात्मक अभियानों का आयोजन किया जाना चाहिए । घरेलू बाज़ार में दार्जिलिंग चाय के लिए एक समान अवसर होना चाहिए ।

श्री अशोक लोहिया, अध्यक्ष चामोंग टी एक्सपोर्ट लिमिटेड ने दार्जिलिंग जीआई को संरक्षित करने की वकालत की । उन्होनें कहा कि दार्जिलिंग चाय आज केवल जीआई के कारण जीवित है। उन्होनें आगे कहा कि 25-30% फसल के नुकसान तथा मांग की कमी के कारण, चाय की कीमत नहीं बढ़ रही है।

बिहार और झारखंड पर केन्द्रित उत्तर-पूर्व के चाय के संवर्धन के लिए वर्चुअल बी2बी बैठक :

उत्तर-पूर्व चाय क्षेत्र के लिए वर्चुअल बी2बी बैठक की श्रृंखला में बिहार और झारखण्ड के लिए 18 सितंबर, 2020 को दूसरी वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया था । इस वर्चुअल बैठक ने लक्ष्यित राज्यों से थोक एवं खुदरा व्यापारियों को आकर्षित किया जहां वे उत्तर-पूर्व के विक्रेताओं के साथ ठोस मुख्य व्यवसाय में संलग्न हुए । बिहार और झारखण्ड से क्रेताओं, थोक विक्रेताओं, फुटकर विक्रेताओं,उत्पादक कर्ताओं तथा पैकेट बेचने वालों ने इस वर्चुअल बैठक में भाग लिया ।

इस बैठक में टी बोर्ड उपाध्यक्ष श्री पी.के.साहू ने कहा कि भारत दूसरा सबसे बड़ा चाय उत्पादक तथा 252 मिलियन किलोग्राम निर्यात के साथ चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। हमारे देश की प्रति व्यक्ति चाय की औसत खपत विश्व मानकों की तुलना में कम है। उन्होनें बताया भारत इसमें 20वें स्थान पर है।

बिहार के प्रधान सचिव, उद्योग विभाग डॉ.एस. सिद्धार्थ ने टी बोर्ड से उत्पादकों का अपना उत्पाद स्थानीय बाज़ार में बेचने में मदद करने के लिए किशनगंज में एक चाय नीलामी केंद्र खोलने का आग्रह किया। उन्होनें उत्तर-पूर्व के चाय उत्पादकों से किशनगंज में प्रसंस्करण एवं विनिर्माण सुविधा केंद्र स्थापित करने का अनुरोध किया ।

डॉ. एस. सरवणा कुमार, सचिव, कृषि विभाग, बिहार ने बताया कि बिहार में केवल किशनगंज जिला में चाय रोपण होता है।

उत्तर - पूर्व चाय उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वालों में असम,त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय के मैक लेओड रस्सेल, सियांग टी एंड इंडस्ट्रीज़, एंडर्सन टी एस्टेट्स, पापुमपरे टी एस्टेट, सिरु रिजो टी कंपनी, बोरगांग टी कंपनी, विष्णु टी कंपनी का नाम प्रमुख है।

बिहार और झारखण्ड से क्रेताओं, थोक विक्रेताओं, फुटकर विक्रेताओं,उत्पादक कर्ताओं तथा पैकेट बेचने वालों ने वर्चुअल बैठक में भाग लिया ।

28 सितंबर, 2020 को भारत चाय संवर्धन तथा आगे प्रवेश के लिए संयुक्त अरब अमीरात और अन्य संभावित खाड़ी देशों यथा कुवैत, ओमान और क़तर पर केन्द्रित वर्चुअल बी2बी बैठक :

28 सितंबर, 2020 को भारत चाय संवर्धन तथा आगे प्रवेश के लिए संयुक्त अरब अमीरात और अन्य संभावित खाड़ी देशों यथा- कुवैत, ओमान और क़तर पर केन्द्रित वर्चुअल बी2बी बैठक का आयोजन किया गया था । टी बोर्ड भारत ने भारतीय चाय के निर्यात पर नए सिरे से फोकस करने तथा आयात के नजरिए से पूर्वोक्त खाड़ी देशों के महत्व को ध्यान में रखते हुए भारत महावाणिज्य दूतावास, दुबई के सहयोग से 28 सितंबर 2020 को एक क्रेता -विक्रेता वर्चुअल बैठक का आयोजन किया ।

अक्टूबर 2020

7 अक्टूबर, 2020 को आयोजित वर्चुअल चाय सम्मेलन :

टी बोर्ड भारत और असम सरकार के सहयोग से भारतीय वाणिज्य महासंघ (सीआईआई) ने 7 अक्टूबर, 2020 को डिजिटल सम्मेलन, चाय उद्योग से संबन्धित विभिन्न प्रकार की चाय और उत्पादों की प्रदर्शनी तथा क्रेता-विक्रेता बैठक सहित एक वर्चुअल चाय सम्मेलन का आयोजन किया था । इस वर्चुअल सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. के. के. द्विवेदी, आयुक्त एवं सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग असम सरकार की उपस्थिति में श्री चन्द्र मोहन पटोवारी, माननीय परिवहन, उद्योग एवं वाणिज्य, संसदीय मामले एवं बीज मंत्री द्वारा किया गया ।

उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्रमुख वक्ताओं में श्री पी.के.साहू, उपाध्यक्ष टी बोर्ड भारत, श्री संजीओ कुमार, कार्यकारी निदेशक, टी बोर्ड भारत एवं अन्य शामिल थे । इस वर्चुअल चाय सम्मेलन में नियमित प्रदर्शनी की ही भाँति वर्चुअल स्टल्स् थे जहां उत्पादककर्ताओं और विनिर्माताओं ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए तथा क्रेता एवं चाय के पारखियों ने वर्चुअली स्टॉल्स का मुआयना किया । इसके अतिरिक्त वहाँ बी2बी तथा बी2सी दोनों क्रेता-विक्रेता बैठकें हुईं ।

12 अक्टूबर, 2020 को रूसी बाज़ार के लिए वर्चुअल बी2बी बैठक का आयोजन :

टी बोर्ड भारत ने रूस में भारतीय चाय क्षेत्र के उन्नत विपणन के लिए मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के सहयोग से 12 अक्टूबर 2020 को एक वर्चुअल बी2बी बैठक का आयोजन किया । इस बी2बी बैठक का मुख्य उद्देश्य रूस में बढ़ती भारतीय चाय के निर्यात के अवसर तथा साधन तलाशना, भारतीय चाय (बल्क तथा पैकेज्ड) की निरंतर आपूर्ति सुलभ करने तथा भारतीय चाय ब्राण्ड के प्रदर्शन के लिए डेडिकटेड शेल्फ स्पेस संरक्षित करने के लिए प्रमुख सुपर मार्केट फुटकर विक्रेताओं के साथ समुचित सहयोग का अवसर तलाशना तथा अधिक मात्रा में चाय के निर्यात के अतिरिक्त मूल्य संवर्धित चाय निर्यात पर बल देना था।

रूसी संघ में भारतीय दूतावास के माननीय भारतीय दूत श्री डी.बी. वेंकटेश वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए निर्यातकों से भारतीय चाय की उन्नत पैकेजिंग के लिए रूसी कंपनियों के साथ संयुक्त सांझेदारी स्थापित करने का अनुरोध किया । श्री पी.के.साहू, उपाध्यक्ष टी बोर्ड भारत ने कहा कि भारतीय बाज़ार की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सुपरमार्केट्स, रिटेल चेन के साथ गठबंधन तथा संयुक्त सांझेदारी करने की जरूरत है। इस बैठक में प्रमुख आयातक, मॉस्को में भारत के दूतावास के अधिकारीगण, भारत के चाय संघों के प्रतिनिधि - आईटीए, आईटीईए, यूपीएएसआई (उपासी), एसआईटीईए तथा बड़ी संख्या में भारतीय चाय निर्यातक उपस्थित थे । इस वर्चुअल बैठक में दोनों तरफ से लगभग 100 हितधारकों ने भाग लिया ।

29-31 अक्टूबर, 2020 को बायोफ़ैक इंडिया के वर्चुअल संस्करण में टी बोर्ड की प्रतिभागिता

टी बोर्ड भारत ने 29 -31 अक्टूबर 2020 तक डिजिटल फ़ारमैट में हुई नुएर्नबर्ग मेस्से भारत द्वारा आयोजित बायोफ़ैक इंडिया (अंतर्राष्ट्रीय जैविक उत्पाद प्रदर्शनी एवं सम्मेलन) के 12वें संस्करण तथा नैचरल एक्सपो इंडिया (अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक उत्पाद प्रदर्शनी एवं सम्मेलन) के तीसरे संस्करण में भाग लिया । दोनों कार्यक्रम कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किए गए थे और ये जैविक एवं प्राकृतिक उद्योग जगत के सभी प्रमुख उद्योगपतियों को एकल मंच पर ई - कनैक्ट करने पर लक्ष्यित थे । मुख्य प्रदर्शनी एवं सम्मेलन कार्यक्रम के अतिरिक्त इस कार्यक्रम की श्रृंखला में CEO's Forum, अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक, विक्रेता विकास कार्यक्रम आदि शामिल थे । इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों के क्रेताओं ने भाग लिया तथा विदेशी एवं घरेलू क्रेताओं के साथ बी2बी बैठकें भी हुईं ।

9-11 अक्टूबर, 2020 में दिल्ली बाज़ार, मॉस्को में आयोजित भारतीय चाय संवर्धन :

"दिल्ली बाज़ार" भारतीय वस्तुओं का एक बाज़ार एवं भारतीय रेस्तरां का एक फूड कोर्ट युक्त मॉस्को शहर में आयोजित एक भारतीय मेला है। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति के प्रशंसकों और आगंतुकों के लिए भाषण तथा कार्यशालाएँ भी आयोजित की गईं । 9-11 अक्टूबर, 2020 तक चले इस कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार की भारतीय खुली चाय यथा- दार्जिलिंग, असम, ऑर्थोडॉक्स, असम सीटीसी, नीलगिरि ऑर्थोडॉक्स तथा सिक्किम चाय प्रदर्शित की गई । आगंतुकों के लिए चाय का आस्वादन लेने का भी इंतजाम था । अपने स्वाद और सुगंध के लिए इन चायों को बहुत सराहा गया । भारतीय चाय खरीदने के लिए आगंतुकों की भीड़ लग गई और वे ऐसी उम्दा गुणवत्ता वाली चाय खरीदने के लिए उत्सुक थे ।

नवम्बर 2020

30 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2020 तक आयोजित एसोचैम आयुष मेला में टी बोर्ड की प्रतिभागिता:

टी बोर्ड ने एक वर्चुअल स्टॉल तथा विभिन्न प्रकार की भारतीय चाय का प्रदर्शन करते हुए 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2020 तक आयोजित एसोचैम (ASSOCHAM) आयुष मेला के वर्चुअल संस्करण में भाग लिया । इस प्रदर्शनी ने व्यापार घरानों तथा योग, आयुर्वेद, होम्योपैथी, हर्बल, यूनानी और सिद्ध में संलग्न लोगों के लिए अपने उत्पाद एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान किया । इस कार्यक्रम ने उद्योग जगत

के विभिन्न सुविख्यात पेशेवरों और वक्ताओं से मिलने का एक सुअवसर प्रदान किया । इस वर्चुअल मेले ने वार्तालाप करने, व्यापार से व्यापार बैठकों, विनिर्माताओं, निर्यातकों एवं अन्य संबद्ध सेवाओं द्वारा उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक सुअवसर भी प्रदान किया ।

डॉ.राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार इस मेला के अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि थे । टी बोर्ड भारत की ओर से श्री एस.सौंदराराजन,निदेशक चाय विकास, ने चाय के स्वास्थ्य लाभों पर तकनीकी शिक्षण-सत्र को संबोधित किया । इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षण-सत्र भी हुए, जैसे - प्रतिरक्षा एवं होम्योपैथी सम्मेलन, विटामिन - डी शिक्षण-सत्र, औषधीय पौधों की भूमिका पर शिक्षण-सत्र इत्यादि ।

16 नवम्बर, 2020 को आयोजित संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ वर्चुअल बी2बी बैठक

टी बोर्ड भारत ने न्यूयॉर्क में स्थित भारतीय दूतावास के सहयोग से भारत के चाय निर्यातकों और चाय बिरादरी तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ 16 नवम्बर 2020 को एक वर्चुअल बी2बी बैठक का आयोजन किया । श्री रणधीर जयसवाल, काउंसेल जनरल ने माना कि भारतीय चाय की अमेरिका में एक अच्छी पहचान है परंतु हम इसमें और बेहतर कर सकते हैं। चाय पारखियों/विशेषज्ञों के समक्ष नई किस्म की चाय उत्पादों को लाने की अपर संभावना है। उन्होनें कहा कि हमें चाय में और मूल्य संवर्धन करने, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को आधुनिक बनाने तथा उद्योग को और उदार बनाने की जरूरत है। उन्होनें कहा कि भारत और अमेरिका के बीच चाय सम्बन्धों को और प्रगाढ़ बनाने की अपार संभावना है।

टी बोर्ड उपाध्यक्ष श्री पी.के.साहू ने अपने भाषण में कहा कि जहां तक चाय का संबंध है भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका का संबंध बहुत प्रगाढ़ है। चाय पीने के मामले में अमेरिका और भारत के स्वाद एक जैसे हैं । भारत विविध कृषि- जलवायुवीय परिस्थितियों से सम्पन्न है और यहाँ अलग -अलग क्षेत्रों से विभिन्न प्रकार के चाय की पैदावार होती है, जैसे- दार्जिलिंग, असम, नीलगिरि, कांगड़ा, दूयर्स - तेराई, सिक्किम इत्यादि । संयुक्त राज्य अमेरिका चाय का एक बड़ा उपभोक्ता है और भारत के पास अमेरिका की सभी चाय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता है । भारत में अनेकों प्रकार के चाय की पैदावार होती है तथा सभी प्रकार की चाय,जैसे - काली चाय, हरी, स्वेत, पीली, ऊलोंग, ऑर्थोडॉक्स, सीटीसी चाय इत्यादि का निर्माण होता है। भारत विभिन्न रूपों जैसे-बल्क टी, पैकेज्ड टी, टी बैग्स, स्पैशलिटी टी, इंस्टेंट टी, आरटीडी, प्रेमिक्सेस इत्यादि में चाय की आपूर्ति करता है। भारत पूरे विश्व में चाय पीने वाली आबादी की जरूरतों को पूरा करता है। भारत ही एकमात्र वह देश है जहां हर प्रकार की चाय मिलती है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में चाय परिदृश्य पर चर्चा करते हुए अमेरिकी चाय संघ तथा स्पैशलिटी टी संस्थान के सभापति श्री पीटर गोग्गी ने कहा कि कोविड-19 के कारण अमेरिका में चाय उद्योग पर प्रभाव पड़ा है। परंतु घरेलू खपत तथा स्पैशलिटी टी क्षेत्र में वृद्धि देखी गई है। जहां तक अमेरिका में चाय का संबंध है उसे सम्पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में स्वास्थ्य और कल्याण, "प्राकृतिकता", उत्पाद जुड़ाव और स्थिरता के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में चाय के ट्रेण्ड पर बात करते हुए उत्तर अमेरिका चाय महाप्रबंधक सुश्री लेरेन मिल्लर ने बताया कि 50% अमेरिकी उपभोक्ता औसत सप्ताह में चाय पीते हैं और 39% लोगों ने बताया कि कोविड के बाद से वे चाय पी रहे हैं । उन्होनें यह भी बताया कि गर्म चाय की खपत बढ़ रही है। वर्तमान में जहां आईस्ड टी (ठंडी चाय) बनाम गर्म चाय की खपत का अनुपात 50:50 है,वहीं गर्म चाय की मांग आईस्ड टी (ठंडी चाय) की अपेक्षा बढ़ रही है। उन्होनें आगे यह भी बताया कि वृद्धि के 70% कारणों में स्वास्थ्य लाभों- जिनमें नींद और पाचन संबंधी कारण अधिक है, वहीं चाय की "प्रतिरक्षा" क्षमता एक उभरता हुआ अवसर है।

इस बैठक में अन्य गणमान्य वक्ताओं में सुश्री सिंडी बिगेलो, निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी - बिगेलो टी कंपनी, सुश्री एमी डूबिन,संस्थापक जानम टी, श्री आज़म मेनॉन, पूर्व अध्यक्ष, भारतीय चाय संघ, श्री अंशुमान कनोरिया, अध्यक्ष भारतीय चाय निर्यात संघ, श्री प्रशांत भंशाली, अध्यक्ष उपासी (UPASI), श्री दीपक शाह, अध्यक्ष, दक्षिण भारतीय चाय निर्यातक संघ और अन्य थे ।

25 नवम्बर, 2020 को आयोजित उत्तर-पूर्व चाय के संवर्धन एवं पुन: प्रवर्तन के लिए आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना पर लक्ष्यित वर्चुअल बी2बी बैठक :

उत्तर-पूर्व चाय क्षेत्र के लिए वर्चुअल बी2बी बैठक की श्रृंखला में तीसरी बैठक आंध्रा प्रदेश और तेलंगाना राज्य के लिए 25 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गई थी ।

बैठक में उपस्थित प्रमुख वक्ताओं में श्री प्रभात बेजबरूआ, अध्यक्ष टी बोर्ड, श्री पी.के.साहू, उपाध्यक्ष टी बोर्ड, श्री एम.के. साहरिया, श्री एस.वी.गिरिधरा राव, संयुक्त निदेशक, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार, श्री रमाकांतानानी, अध्यक्ष, फ़ैडरेशन ऑफ तेलंगाना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FTCCI) श्री सुरेन्द्र अगरवाल,सचिव,तेलंगाना टी मेर्चेंट्स एसोशिएशन और अन्य शामिल थे ।

26 नवम्बर, 2020 को आयोजित वैश्विक बाज़ार कड़ी और व्यवसाय विकास चाय सम्मेलन का दूसरा वर्चुअल सत्र

वैश्विक बाज़ार कड़ी और व्यवसाय विकास चाय सम्मेलन का दूसरा वर्चुअल सत्र टी बोर्ड भारत और भारतीय उद्योग महासंघ द्वारा 26 नवम्बर, 2020 को आयोजित किया गया था । इस बैठक में शामिल गणमान्य व्यक्तियों में श्री प्रभात बेजबरूआ, अध्यक्ष टी बोर्ड, श्री एस. सौंदराराजन, निदेशक चाय विकास, श्री बिद्यानंद बरकाकोटी, अध्यक्ष, द टी कोंक्लेव एंड प्रोप्राइटर, महालक्ष्मी टी एस्टेट, श्री डान बोल्टोन, द टी जर्नी एवं अन्य थे ।

28 नवम्बर, 2020 को आयोजित 19वीं सीआईआई ब्राण्ड कोंक्लेव में प्रायोजन एवं वर्चुअल स्टॉल

टी बोर्ड ने 28 नवम्बर, 2020 को 19वीं सीआईआई ब्राण्ड कोंक्लेव का प्रायोजन एवं वर्चुअल स्टॉल का आयोजन किया जहां विभिन्न प्रकार की भारतीय चाय, जैसे- दार्जिलिंग, असम, नीलगिरि, कांगड़ा, मसाला चाय इत्यादि का प्रदर्शन किया गया । विश्व मार्केटिंग के मशहूर हस्ती प्रोफेसर फिलिप कोटलर ब्राण्ड कोंक्लेव के 19वीं संस्करण में मुख्य प्रवक्ता थे ।

दिसम्बर 2020

9-11 दिसम्बर,2020 को आयोजित विश्व चाय और कॉफी एक्स्पो में टी बोर्ड की प्रतिभागिता:

भारतीय चाय बोर्ड ने वर्चुअल स्टॉल तथा दार्जिलिंग,असम, नीलगिरि, कांगड़ा, सिक्किम, डूयर्स - तेराई और अन्य प्रकार की चायों का प्रदर्शन करते हुए 9-11 दिसम्बर 2020 तक चलने वाले विश्व चाय और कॉफी एक्स्पो के वर्चुअल संस्करण में भाग लिया ।

इस वर्ष विश्व चाय और कॉफी एक्स्पो का वर्चुअल संस्करण पेय पदार्थ, डेयरी और तरल खाद्य उद्योग के लिए ड्रिंक टेक्नालॉजी - इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर तथा पैकमैक प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग उद्योग एशिया एक्स्पो भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला के संयोजन से हुआ । प्रदर्शनी के दौरान औद्योगिक स्वचालन एवं पैकेजिंग उद्योग, पेय पदार्थों में नवाचार(Innovation in Beverages), ई-कॉमर्स और पैकेजिंग,नई और सतत प्रद्योगिकियां (Newer and Sustainable Technologies), सततता एवं पैकेजिंग (Sustainability &

Packaging) इत्यादि विषयों पर विभिन्न सम्मेलन आयोजित किए गए । प्रदर्शनी के दौरान क्रेता-विक्रेता बैठकें भी आयोजित की गईं ।

टी बोर्ड द्वारा 27-28 दिसम्बर, 2020 को आयोजित असम चाय जनजाति छात्र संघ के 73वें स्थापना दिवस का प्रायोजन :

टी बोर्ड ने असम के चराईदेओ जिला के लकूया में 27-28 दिसम्बर, 2020 को आयोजित असम चाय आदिवासी छात्र संघ के 73वें स्थापना दिवस का प्रायोजन किया । असम चाय जनजाति समुदाय को सुदृढ़ करने में इस संघ की अहम भूमिका रही है।

जनवरी, 2021

22-24 जनवरी, 2021 को मॉस्को में आयोजित भारतीय मेला "दिल्ली बाज़ार" में टी बोर्ड की प्रतिभागिता

टी बोर्ड ने मॉस्को शहर में 22-24 जनवरी, 2021 तक आयोजित भारतीय मेला " दिल्ली बाज़ार " में भाग लिया । इस कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार की भारतीय खुली चाय यथा- दार्जिलिंग, असम, ऑर्थोडॉक्स, असम सीटीसी, नीलगिरि ऑर्थोडॉक्स तथा सिक्किम चाय प्रदर्शित की गई । आगंतुकों के लिए इन चाय का आस्वादन लेने की भी सुविधा थीं । अपने स्वाद और सुगंध के लिए इन चायों को बहुत सराहा गया । भारतीय चाय खरीदने के लिए आगंतुकों की भीड़ लग गई और वे ऐसी उम्दा गुणवत्ता वाली चाय खरीदने के लिए लोग उत्सुक थे ।

"भारत का भौगोलिक संकेत उत्सव (GIFI)" में टी बोर्ड की प्रतिभागिता

टी बोर्ड भारत ने "भारत का भौगोलिक संकेत उत्सव (GIFI)" में भौगोलिक संकेत (जीआई) के रूप में पंजीकृत चायों यथा - दार्जिलिंग,असम, नीलगिरि और कांगड़ा चाय का प्रदर्शन किया । "भौगोलिक संकेतों (जीआई) एवं इसके उत्पाद समुदाय को सुदृढ़, संवर्धित तथा सशक्त करना " विषय पर आधारित 9 जनवरी से 2021 से 8 फरवरी 2021 तक आयोजित यह एक वर्चुअल सम्मेलन था । यह उपभोक्ताओं और उत्पादकों, भारत के सभी पंजीकृत जीआई के प्रदर्शन एवं संवर्धन तथा ग्रामीण समुदाय की आजीविका एवं अर्थव्यवस्था को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम था ।

राजस्थान के उदयपुर में आयोजित " आत्मनिर्भर भारत 2021" सम्मेलन में टी बोर्ड की प्रतिभागिता :

टी बोर्ड ने 11-12 जनवरी, 2021 तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित सम्मेलन सह प्रदर्शनी " आत्मनिर्भर भारत 2021" में भाग लिया । इस कार्यक्रम के दौरान चाय के स्वास्थ्य लाभों पर पोस्टेर्स और बैनर प्रदर्शित किए गए । इस अवसर पर जारी स्मारिका (souvenir) में चाय के स्वास्थ्य लाभों पर इश्तेहार भी प्रकाशित किया गया ।

असम के डिब्रूगढ़ जिले के दुलियाजान में टी बोर्ड द्वारा प्रायोजित " असम चा जनो गोष्ठी जातियो महासभा " का आयोजन :

टी बोर्ड द्वारा प्रायोजित " असम चा जनो गोष्ठी जातियो महासभा " का आयोजन 23-25 जनवरी, 2021 तक दुलियाजान, डिब्रूगढ़, असम में हुआ । असम चा जनो गोष्ठी जातियो महासभा असम के वृहत चाय जनजाति के 100 से भी अधिक जातियों एवं समुदाय का एक संयुक्त मंच है। टी बोर्ड ने चाय जनजाति, स्वयं सहायता समूह एवं सांस्कृतिक समूहों द्वारा चाय सहित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन करने के लिए बने 200 स्टॉल्स का प्रायोजन (sponsor) किया ।

फरवरी 2021

Biofach/Vivaness e-special 2021 के वर्चुअल संस्करण में टी बोर्ड भारत की प्रतिभागिता

